ओआरजी-2022-23-000019
9 जुलाई, 2024

मेलबर्न कन्वेंशन एंड एक्जीबिशन सेंटर (एमसीईसी), ऑस्ट्रेलिया में 2 से 5 सितंबर 2024 तक आयोजित फाइन फूड ऑस्ट्रेलिया में एपीडा की भागीदारी

एपीडा द्वारा मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया में 2 से 5 सितंबर 2024 तक आयोजित होने वाले फाइन फूड ऑस्ट्रेलिया में भागीदारी ली जा रही है। फाइन फूड ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रेलिया में खाद्य उद्योग के लिए अग्रणी व्यापार इवेंट है।

एपीडा भारतीय कृषि और खाद्य उत्पादों के प्रदर्शन के लिए इंडिया पवेलियन स्थापित करेगा। निर्यातकों को इंडिया पवेलियन में 9 वर्गमीटर का निर्मित स्टॉल आबंटित किया जाएगा।

एपीडा इंडिया पवेलियन के अंतर्गत फाइन फूड ऑस्ट्रेलिया 2024 में भागीदारी के लिए पंजीकृत सदस्य निर्यातकों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करता है।

आवेदन हेतु लिंक नीचे दिया गया है

http://itrack.apeda.gov.in/mda/NewTradeFairApplication.aspx?RequestID=5863081
7

इस इवेंट, पात्रता आदि के बारे में अधिक जानकारी के लिए, इच्छुक निर्यातक इसकी वेबसाइट https://finefoodaustralia.com.au/ पर जा सकते हैं। चूंकि स्टॉल सीमित हैं, इसलिए इच्छुक निर्यातकों को यथाशीघ्र आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

केवल आवेदन प्रस्तुत करने से निर्यातक को शॉर्टलिस्टिंग का अधिकार नहीं मिलेगा। यदि आवेदक स्टॉल की उपलब्धता से अधिक हैं तो निर्यात के लिए उत्पाद की क्षमता को ध्यान में रखते हुए और यदि आवश्यक हो तो लॉटरी के माध्यम से आबंटन किया जाएगा। इस संबंध में एपीडाअध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा।

भागीदारी के लिए विचार किए जाने वाले आवेदकों को भागीदारी शुल्क के बारे में अलग से सूचित किया जाएगा।

किसी भी प्रश्न या स्पष्टीकरण के लिए, अधोहस्ताक्षरी अर्थात ईमेल आईडी saswatibose@apeda.gov.in मोबाइल नं. +8588820105 पर संपर्क किया जा सकता है।

(डॉ. शाश्वती बोस)
महाप्रबंधक